## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**14 मई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2026–27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढोतरी को दी मंजूरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया फैसले का स्वागत। कहा–समृद्ध किसान, सशक्त भारत के संकल्प को नई मजबूती प्रदान करेगा यह निर्णय।
- वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटाया सुरक्षा काफिले का आकार। मुख्यमंत्री ने भी प्रदेशवासियों से ईंधन बचत और अनावश्यक सोने की खरीद न करने के प्रधानमंत्री के आह्वान से जुड़ने की अपील की।
- मुख्यमंत्री ने लखनऊ में विस्तारित मंत्रिमंडल की पहली बैठक में भी उर्जा संरक्षण पर दिया जोर। कहा–ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व है।
- प्रदेश में आंधी–पानी और बिजली गिरने की घटनाओं में तैंतालिस से अधिक लोगों की मौत। प्रभावित लोगों की मदद करेगी सरकार।

**********

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताइस के लिए चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में बढोत्तरी को मंजूरी दे दी। कल नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने किसानों को उनके उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढा दिया है।

**खरीफ के लिए जो फैसला लिया गया उसमें जितने भी खरीफ के क्रॉप्स है उन सब में कॉस्ट प्लस 50: या 50 से अधिक टोटल दो लाख 60 हजार करोड रुपए किसानों को पे आउट जाएगा इस पूरे फैसले से और इस साल का एनुअल खरीफ प्रोक्योरमेंट होगा आठ सौ 24 लाख मैट्रिक टन–एलएमटी।**

श्री वैष्णव ने बताया कि अब ग्रेड ए धान के लिए दो हजार चार सौ इकसठ रुपये प्रति कुन्तल, सामान्य धान के लिये दो हजार चार सौ इकतालीस रुपये प्रति कुन्तल, हाइब्रिड ज्वार के लिए चार हजार तेइस रुपये प्रति कुन्तल, बाजरा के लिए दो हजार 9 सौ रुपये प्रति कुन्तल, मक्का के लिये दो हजार चार सौ दस रुपये प्रति कुन्तल और अरहर दाल के लिए आठ हजार चार सौ पचास रुपये प्रति कुन्तल तथा मूंग के लिये आठ हजार सात सौ अस्सी रुपये प्रति कुन्तल न्यूनतम समर्थन मूल्य होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्र सरकार के एमएसपी बढ़ाने के फैसले का स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह निर्णय अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने व कृषि विविधीकरण को प्रोत्साहन देने के साथ–साथ 'समृद्ध किसान–सशक्त भारत' के संकल्प को नई मजबूती प्रदान करेगा।

खरीफ फसलों की एमएसपी वृद्धि पर प्रदेश के किसानों ने खुशी जताई है। वाराणसी के किसान दुर्गेश ने बताया कि इससे किसानों को फायदा होगा।

**जो केंद्र सरकार ने हम जैसे किसानों के लिए जो समर्थन मूल्य बढ़ाया है। यह एक तरह से अगर कहा जाए तो यह बहुत ही लाभदायक होगा क्योंकि जिस तरह से समर्थन मूल्य जो घट रहा था, हम किसानों को बड़ा ही घाटा हो रहा था। लेकिन एमएसपी बढ़ने के साथ–साथ हम लोगों की आय में भी दुगना होगी और इस सरकार के फैसले को हम बहुत ही सराहना पूर्वक उन्हें धन्यवाद देते हैं।**

**********

पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद केंद्र और राज्य सरकारों ने ईंधन बचत उपाय तेज किए हैं। वैश्विक ईंधन कीमतों में वृद्धि के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में घरेलू दौरों के लिए अपने काफिले का आकार काफी कम कर दिया है। एक रिपोर्ट–

**यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने और पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाकर आर्थिक मजबूती में योगदान के लिए प्रधानमंत्री की सात अपीलों के अनुरूप है। सूत्रों के अनुसार काफिले का आकार कम करने के बावजूद, प्रधानमंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाएं यथावत बनी रहेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जहां भी संभव हो, बिना कोई नई खरीद किए, उनके काफिले में इलेक्ट्रिक वाहन शामिल किए जाएं। अंकित की रिपोर्ट के साथ अमीषा।**

गृहमंत्री अमित शाह ने भी अपने काफिले का आकार घटाकर आधे से भी कम कर दिया है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से प्रधानमंत्री के आह्वान से जुड़ने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईंधन की खपत कम करें और अनावश्यक सोने की खरीद न करें। उन्होंने बारह मई की शाम को एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री व मंत्रियों आदि की फ्लीट में तत्काल पचास प्रतिशत की कमी की जाए।

इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा की संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित अध्ययन भ्रमण के समस्त कार्यक्रमों को अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया है।

**********

एयर इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय उडानों की संख्या में कमी लाने का फैसला किया है। इसके लिए विदेशी मार्गों पर कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी गई हैं। यह फैसला वायु क्षेत्र नियंत्रण और विमान ईंधन के ऊंचे मूल्य को देखते हुए किया गया है। यह कटौती इस वर्ष जून से अगस्त तक के लिए होगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में विस्तारित मंत्रिमंडल की पहली बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मितव्ययिता, ऊर्जा संरक्षण और उत्तरदायी कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व है। मुख्यमंत्री ने सचिवालय एवं निदेशालयों में एयरकंडीशनर का तापमान चौबीस से छब्बीस डिग्री सेल्सियस के बीच रखने, प्राकृतिक प्रकाश के अधिकतम उपयोग तथा आवश्यकता–आधारित विद्युत उपभोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोलह मई को गोरखपुर में अंचल के पहले और प्रदेश के चौथे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को देखते हुए वहां के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबंधित अधिकारियों के साथ कल परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। एक रिपोर्ट–

**निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में तेजी लाने और सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने पर जोर दिया। गोरखपुर–वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में यह इंटरनेशनल स्टेडियम 392.94 करोड़ रुपये की लागत से आकार लेगा। निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में 63.39 करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं। गिरीश नारायण आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।**

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई. ने कल कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। विद्यार्थी रोल नंबर डालकर आधिकारिक वेबसाइट, डिजीलॉकर और उमंग ऐप पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

**********

दुग्ध उत्पादक कम्पनी अमूल ने दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। संशोधित दरें आज से पूरे देश में लागू हो रही हैं।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में पिछले चौबीस घंटों में भारी बारिश, धूल भरी आंधी और बिजली गिरने से तैंतालिस से अधिक लोगों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन घटनाओं का संज्ञान लिया है और अधिकारियों को प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करने का निर्देश दिया है। एक रिपोर्ट–

**सबसे ज्यादा मौतें भदोही जिले से हुई हैं, जहां 15 लोगों की जान चली गई। एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मिर्जापुर में 10, फतेहपुर में 9, बदायूं में 5 और बरेली में 4 लोगों की मौत हुई है। ज्यादातर मौतें बिजली गिरने, दीवार गिरने और धूल भरी आंधी व ओलावृष्टि के कारण लोगों और वाहनों पर पेड़ गिरने से हुईं। कल राज्य के कई हिस्सों में मौसम अचानक बदल गया और विभिन्न जिलों से बिजली के खंभे और पेड़ गिरने की खबरें आईं, जिससे बिजली आपूर्ति और सड़क यातायात प्रभावित हुआ। बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें अगले 24 घंटों में प्रभावित लोगों को मुआवजा देने का निर्देश दिया। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी न्यूज लखनऊ।**

मौसम विभाग ने आज से प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने का अनुमान जताया है। विभाग के मुताबिक प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में सोलह और सत्रह मई को लू चलने की संभावना है।

**********